बाल संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ

चौमहला (इन्दौर समाचार)। विद्या भारती शिक्षा संस्थान झालावाड़ द्वारा संचालित विद्या मंदिरों के संस्कार केन्द्रों का बाल संगम कार्यक्रम(पिड़ावा, भवानी मंडी एवं डग संकुल) प्रांत संस्कार केंद्र प्रमुख पूनम चंद राठौर के सानिध्य में आदर्श विद्या मंदिर चौमहला में संपन्न हुआ प्रधानाचार्य राम गोपाल कारपेंटर ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जैसे सुलेख ,वृति लेख, चम्पच दौड़, चित्रकला लोक नृत्य 100 ,200 मीटर की दौड़ एकल युगल सामूहिक नृत्य आदि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विष्णु पोरवाल अध्यक्षता हेम प्रकाश टेलर (सेवानिवृत अध्यापक)ने की द्य मुख्य वक्ता प्रांत संस्कार केंद्र प्रमुख पूनम चंद राठौर ने सभी भैया बहनों को पाथेय प्रदान किया एवं प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कार प्रदान किया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी गुरुजी दीदी ने सहयोग प्रदान किया ।

वाणी को हमेशा सयामित रखें- श्री शास्त्री

मंदसौर / भुनियाखेड़ी (इन्दौर समाचार)। श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने मात्र से ही पुण्य मिलता है और पाप नष्ट होते हैं। जिनका गुरु बलवान होता है,निश्चित उनके शिष्य बलवान होते हैं। उपरोक्त विचार राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित सात दिवस भागवत कथा में ओजस्वी वक्ता, गो भक्त गुरुदेव श्री भीमाशंकर शास्त्री द्वारा भुनियाखेड़ी में आयोजित भागवत कथा में व्यक्त किये। भागवत कथा के दौरान श्री भीमाशंकर शास्त्री ने कहा कि वाणी को सयमित रखें। शब्द को हमेशा तोलकर बोलना चाहिए। श्री शास्त्री ने कहा कि अध्यात्म से सभी का कल्याण होता है। कथा श्रवण करने मात्र से ही कल्याण होता है। श्रीमद भागवत कथा का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। जिसमें अनेक महिला -पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया। अंत में आरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल तक निरंतर तक चलेगा। अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रद्धालुजन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ लेवें।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के साहित्य पर केंद्रित पुस्तकों की समीक्षा का आयोजन किया गया

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय के नचिकेता सभागार में शैक्षिक नवाचार के लिए पुस्तक क्लब ' सत्यधर्मा 'के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र ''डॉ. भीमराव अंबेडकर के साहित्य पर केंद्रित रहा'' । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रिंस सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी , विशिष्ट अतिथि महेश जूनवाल, जिला महामंत्री भाजपा मंदसौर, आनंद तंवर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी मंदसौर, सुश्री इष्टा भाचावत अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शहर मंदसौर ने दीप-दीपन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इसके पश्चात प्राचार्य महोदय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. दशरथ आर्य विभागाध्यक्ष दर्शन शास्त्र द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए आयोजित कार्यक्रम की प्रस्तावना व रूप रेखा प्रस्तुत की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने सत्यधर्मा क्लब द्वारा किए जा रहे आयोजन की प्रासंगिकता और उद्देश्यों को बताया। मुख्य अतिथि प्रिंस सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेकर सर्व समाज में समानता लाने में कार्य करने पर विचार व्यक्त किए । विशिष्ट अतिथि महेश जूनवाल ने बाबा साहेब की जीवन प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि इष्टा भाचावत ने महिला सशक्तिकरण एवं अंबेडकर साहित्य पर विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि आनंद तंवर ने सामाजिक समरसता एवं समानता पर अम्बेडकर के विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबुद्ध साथियों द्वारा भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी की पुस्तकों की समीक्षा प्रस्तुत की।

सेन जयंती महोत्सव आज, सत्यनारायणजी की बगीची में जुटे समाजजन, पुरानी परंपरा के अनुसार चूल्हों पर तैयार होगी प्रसादी

मन्दसौर (इन्दौर समाचार)। मेवाड़ा सेन समाज पंचायत श्री सत्यनारायण श्री बालाजी मंदिर खानपुरा परिवार द्वारा समाज के आराध्य देव, संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज का 726वां पावन जयंती महोत्सव 14 अप्रैल को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिये सेन समाजजन तैयारियां में जूट गये है। आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु समाज अध्यक्ष बजेशसेन मारोठिया के मार्गदर्शन में समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल खानपुरा स्थित श्री सत्यनारायण की बगीची का निरीक्षण किया जिससे समारोह में आने वाले समाजजनों को कोई असुविधा न हो। समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि मेवाड़ा सेन समाज की यह गौरवशाली परंपरा रही है कि हम अपने आराध्य का जन्मोत्सव एक उत्सव की तरह मनाते हैं। इस वर्ष भी आयोजन की भव्यता में कोई कमी न रहे, इसके लिए समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया तथा वहां की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाते हुए समाजजनों के बीच कार्य का विभाजन किया गया है। तथा मंदिर सहित पुरे परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है। निरीक्षण के अवसर पर मंगनीराम गंगवाल, डॉ. घीसालाल गंगवाल, कमल बी मारोठिया, दिनेश गेहलोत, कमलेश मारोठिया, कमल मारोठिया, महेश परिहार, कुणाल पंवार, संजय सकवाया, आदित्यसेन मारोठिया, दीपक मारोठिया, शुभम मारोठिया, ब्रजेश सेन मारोठिया, महेश माली आदि ने उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। समाजजनों का आभार महेश परिहार ने माना।

जिला भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण हुआ

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ,जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन में दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला भाजपा संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया , भाजपा जिला महामंत्री गण शिवराज सिंह राणा ,विजय सुराणा, महेश जूनवाल ,जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, न.पा. उपाध्यक्ष नम्रता चावला आदि की गरिमा मय उपस्थिती रही। संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियमश् पर चर्चा से पहले दिल्ली के विज्ञान भवन में श्नारी शक्ति वंदन सम्मेलनश् को प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी ने सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर बड़ी एलईडी टीवी पर देखा और सुना गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा - श्रीमति बबीता परमार

मंदसौर (इन्दौर समाचार)।

जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुनिता गुजरिया एंव भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन उपस्थित रहे।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका। श्रद्धेय अटल जी के समय महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले सभी दल आज भी कांग्रेस के साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी की नीतियां कितनी महिला विरोधी हैं, इसका प्रमाण है शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने संसद में कानून बनाकर पलट दिया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर देश की आधी आबादी के प्रति भाजपा के सम्मान और दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है। हमारी सरकार ने सवेतन मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर सीधा 26 सप्ताह किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक पल देखा, जब श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी के रूप में देश को अपनी पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलीं। चाहे आरबीआई की पहली महिला सीएफओ सुधा बालकृष्णन हों या अर्धसैनिक बल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अर्चना रामासुंदरम, मोदी सरकार ने योग्यता को सम्मान देते हुए हर महत्वपूर्ण संस्थान की चाबी महिलाओं को सौंपी है।

'अभी न जाओ छोड़ कर कि दिल अभी भरा नहीं'

सदाबहार गीतों के साथ आशा भोंसले को दी स्वरांजलि

मन्दसौर (इन्दौर समाचार)।

कला और संगीत को समर्पित संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा सुरों की मलिका और सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले के योगदान को याद करते हुए एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष संध्या में स्थानीय कलाकारों ने आशा जी के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की और उपस्थित श्रोताओं को संगीत के सुनहरे सफर पर ले गए।

कार्यक्रम का अत्यंत भावपूर्ण शुभारंभ ललिता मेहता ने किया, जिन्होंने 'ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना' गीत गाकर माहौल में संजीदगी भर दी। इसके पश्चात आबिद शाह ने अपनी मखमली आवाज में 'कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता' प्रस्तुत कर जीवन के फलसफे को सुरों में पिरोया। संगीत का यह क्रम आगे बढ़ते हुए सतीश सोनी के पास पहुँचा, जिन्होंने 'ये है रेशमी जुल्फों का अंधेरा' गाकर पुराने दौर की यादें ताजा कर दीं। इसी श्रृंखला में श्याम गुप्ता ने 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' और सिमरन ने 'दो लड़ड़ों की है दिल की कहानी' जैसे रूमानी गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच पर स्वर लहरियां बिखेरते हुए अनुराधा त्यागी ने 'हम जब सिमट के आपकी बाहों में आ गए' की मधुर प्रस्तुति दी, वहीं राजा भैया सोनी ने 'एक परदेशी मेरा दिल ले गया' गाकर कार्यक्रम में नया उत्साह भर दिया। युवा कलाकार रैनक मिंडा ने 'कभी तो नजर मिलाओ' के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, तो अभय मेहता ने 'आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलूँ' गाकर जादुई समां बांधा। युगल गीतों के दौर में काजल और हिमांशु वर्मा ने 'प्यार कभी कम नहीं करना' की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी। आशा तरवेचा ने 'अभी न जाओ छोड़ कर कि दिल अभी भरा नहीं' के माध्यम से भावनाओं को स्वर दिए और लोकेंद्र पाण्डेय ने 'रोज-रोज आँखों तले' गीत के साथ इस संगीतमय शाम को पूर्णता प्रदान की।

वाटर मैनेजमेंट प्लांट भूमि पूजन संपन्न

शामगढ़ (इन्दौर समाचार)। नगर को एक और बड़ी सौगात मिलने मिली है। आज नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादवपूर्व मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 7 करोड़ की लागत से वाटर मैनेजमेंट प्लांट का भूमि पूजन किया गया । ज्ञात हो कि शामगढ़ नगर में जिले का पहला वाटर मैनेजमेंट प्लांट स्थापित होने जा रहा है। इसमें नगर के वेस्टेज पानी को वाटर मैनेजमेंट प्लांट के द्वारा शुद्ध करके नगर में कई जगह उपयोग में लाया जाएगा नपा अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव ने जानकारी देते हो बताया कि शासन के द्वारा शामगढ़ नगर में सफाई व्यवस्था में जो अच्छे अंक अर्जित किए थे उसका प्रतिफल यह मिला है कि हमें पूरे जिले में वॉटर मैनेजमेंट प्लांट शामगढ़ को प्रदान किया गया है यह प्लाट 7 करोड़ की लागत से निर्मित होगा इसके द्वारा शुद्ध किए गए जल से नगर में कई महत्वपूर्ण कार्यों में इसका उपयोग किया जाएगा ।

सरस्वती शिशु मंदिर शामगढ़ में एक दिवसीय स्टोन पेंटिंग कार्यशाला संपन्न

शामगढ़ (इन्दौर समाचार)। भारत विकास परिषद शामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर शामगढ़ में स्कूली बालिकाओं को स्टोन (पत्थर)पर पेंटिंग बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शिशु मंदिर की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । कार्यशाला में बालिकाओं को प्रशिक्षण देते हुए भारत विकास परिषद की प्रांतीय संस्कृति सप्ताह संयोजक श्रीमती वीणा डॉ अमित धनोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटे-छोटे स्टोन (पत्थर) पर आकर्षक पेंटिंग करके स्टोन को बहुत ही सुंदर आकर्षक बनाया जा सकता है, जिससे हमारे घर प्रतिष्ठान बगीची की सुंदरता बढ़ती है जिसका प्रशिक्षण यहां बालिकाओं को दिया गया है। इस कार्यशाला में सहयोगी के रूप में शगुन गुप्ता एवं चार्वी धनोतिया ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई शिशु मंदिर के प्राचार्य एवं स्टाफ ने कार्यशाला की सराहना की एवं भारत विकास परिषद तथा श्रीमती वीणा धनोतिया का आभार माना ।

निर्णायक मण्डल द्वारा विजेता घोषित किये गये

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय में ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता जिसका शीर्षक '' अटूट आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान'' विषय पर आयोजित की गई जिसमें अनेक छात्राओं ने भाग लिया निर्णायक मण्डल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता घोषित किये गये। प्रथम स्थान मानसी जोशी बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पायल गुर्जर बी.ए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन प्रो.दिलीप सिंह कांदिल और डा.दीपक परमार द्वारा किया गया।

4 माह से मानदेय के लिए तरस रहे है ग्राम रोजगार सहायक

मंदसौर (इन्दौर समाचार)।

शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने वाले ग्राम रोजगार सहायक को चार माह से मानदेय नहीं मिलने से परेशान है। मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है। शासन के आदेशों का जिला प्रशासन पालन नहीं कर रहा है। महीने के काम बदले मिलने वाला मासिक मानदेय नहीं दिया जा रहा है ओर प्रशासन निरंतर काम का दबाव बढ़ाता जा रहा है। साथ ही प्रदेश स्तरीय समस्याओ का निराकरण नहीं होने से जिले के सहायक सचिवों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सहायक सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह परमार ने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतो में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक का के प्रदेश स्तरिय आव्हान पर प्रदेश ओर स्थानीय समस्याओ को लेकर कल दिनांक 15/04/2026 बुधवार को जिला पंचायत मंदसौर में उग्र धरना प्रदर्शन ओर मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा।

ग्राम रोजगार सहायक संगठन के प्रादेशिक आवहान पर मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, अपर मुख्य सचिव और आयुक्त के नाम पर जिले की सभी जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ओर जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। मध्यप्रदेश पंचायत सहायक सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेशसिंह परमार ने बताया की ग्राम रोजगार सहायको के अल्प वेतनमान दिया जाता है वो भी विगत चार माह से वेतन नही मिलने के कारण ग्राम रोजगार सहायको के सामने अपने परिवार के पालन पोषण की गंभीर समस्या हो रही है। स्थानीय समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन द्वारा नहीं करने पर उग्र आंदोलन किया जायेगा।

दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

मंदसौर (इन्दौर समाचार)।

दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप की नई कार्यकारिणी 2026-27 का शपथ ग्रहण समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री विपिन जैन, श्री दिलीप सकलेचा, प्रांत प्रचारक डॉ. श्रीकांत, सकल जैन समाज एवं बीसा पोरवाल समाज के अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन एवं श्री निर्मल जैन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नवागत मार्गदर्शक श्री अशोक उकावत एवं नवागत संयोजक श्री प्रमोद जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष श्री रितेश पोरवाल, श्री पवन जैन (एचएम), श्री संदीप गुप्ता एवं श्री नितिन जैन (भावगढ़ वाला) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शपथ दिलाने का दायित्व एडवोकेट श्री अमृतकुमार पोरवाल ने निभाया। साथ ही निवर्तमान अध्यक्ष सीए मयंक जैन, निवर्तमान संयोजक श्री संजय पोरवाल एवं निवर्तमान सचिव श्री प्रणय जैन की विशेष उपस्थिति रही।

नवगठित टीम में अध्यक्ष पद की शपथ श्री रितेश भगत ने ली। उनके साथ सचिव श्री शुभम पोरवाल, उपाध्यक्ष श्री संजय जैन विक्रम, कोषाध्यक्ष श्री पीयूष जैन, सह-सचिव श्री अंकुश जैन एवं प्रवक्ता श्री विकास कोठारी ने भी अपने पदों की शपथ ग्रहण की।

संचालक मंडल सदस्य के रूप में श्री संजय पोरवाल, श्री शैलेन्द्र भगत, श्री दिनेश जैन (गरोठ), श्री मनीष रिछारवा श्री मनोज पोरवाल, श्री विजय पोरवाल, श्री कपिल जैन, श्री नितिन जैन, श्री संदीप जैन, सीए आशीष जैन, श्री रितेश पोरवाल, श्री सौरभ पोरवाल, श्री आयुष जैन, श्री विशाल जैन, डॉ. वैभव जैन, डॉ. अर्पित पोरवाल, श्री राहुल जैन (एचएम), श्री अरुण जैन, श्री संयम जैन, श्री रितेश पोरवाल एवं सीए नयन जरक ने शपथ ली।

34 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या, पुलिस जांच में जुटी

भानपुरा (लालचन्द रुदवाल)।

भानपुरा तहसील के दुधाखेड़ी गांव से शुक्रवार 10 अप्रैल से लापता 34 वर्षीय युवक धनराज पिता बाबुलाल 34 वर्ष कि लाश के अवशेष मिले। आरोपियों ने धनराज को गला घोटकर मार दिया ओर उसके शव को जला दिया ओर अवशेष खेत व कुएं में डाल दिए। इस घटना को अवेध संबंध से लेकर जोड़ा जा रहा है जिसकी पुष्टि ग्राम वासियों व परिजनों ने की।

अवैध संबंध में अवरोध होने पर शुक्रवार कि रात आरोपी ओर उसके अन्य साथी मृतक को घर से बुलाकर मोटर साइकिल पर बिठाकर खेत पर ले गये ओर वहां धनराज को गला घोटकर मार दिया ओर बाद में मृतक कि पत्नी के साथ आकर गुमशुदगी कि रिपोर्ट दी इसके पूर्व मृतक के पुत्र नीतेश ने भी 12 अप्रैल को अपने पिता के गुमशुदगी का पत्र भानपुरा पुलिस थाने पर दिया था।

पुलिस ने अपने स्तर से जांच कि ओर घटना का पर्दाफाश होने में ज्यादा देर नहीं लगी अभी पुलिस खोजबीन कर रही है कि इस वारदात में किस किस का हाथ है ग्रामीणों ने कहा कि मृतक ट्रेक्टर चलाता था साथ ही खेत में काम भी करता था ओर दोनों का मकान भी समीप है । थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने जिस दिन 10 अप्रेल को ही अपने खेत पर ले जाकर धनराज को मार दिया ओर बाद में मृतक के परिजनों को गुमराह करता रहा और मृतक कि पत्नी के साथ आकर हमदर्दी जताते हुए गुमशुदगी का पत्र भी दिया पुलिस ने तत्काल खोजबीन कि ओर हर एंगल से जांच कि तो यह घटना सामने आई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता कि धारा में प्रकरण दर्ज कर लिया और अभी जांच जारी हे मिली जानकारी के अनुसार मृतक कि पत्नी कि भूमिका भी सदिग्ध नजर आ रही है साथ ही इस वारदात में ओर भी आरोपियों के शामिल होने कि संभावना नजर आ रही है । थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी ने कहा कि पुलिस इस वारदात कि हर एंगल से जांच कर रही है जो भी दोषी पाया जाएगा सख्त कार्रवाई होगी,उधर इस वारदात के विरोध में दुधाखेड़ी के सेकंडों ग्रामीणों ने गरोठ भानपुरा सडक पर चक्काजाम किया ग्रामीण जन आरोपी का मकान तोड़ने कि मांग कर रहे थे पुलिस व प्रशासन जाम स्थल पर मोजूद है । तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा व थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी गरोठ भानपुरा जाम स्थल पर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में लगे हे पर ग्रामीण आरोपी का मकान तोड़ने व इस वारदात में शामिल अन्य का नाम सामने लाने कि मांग करते हुए सख्त कार्रवाई कि मांग कि हैं जाम लगभग चार घण्टे से जारी है और शाम 7 बजे तक जारी था । उधर पुलिस ने मृतक के शव के अवशेष आरोपी द्वारा बताए गए स्थान से जब्त कर भानपुरा शासकीय अस्पताल पोस्ट मार्टम व फोरेंसिक जांच के लिए भेजा,इस सनसनीखेज वारदात से पुरे क्षेत्र में रोष के साथ दहशत का वातावरण है।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1437/अकरी-2026 प्रकरण क्र./0615/ब-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. श्री कालु पिता श्री जगदीश
2. श्रीमती बंसती बाई पति श्री कालु
दोनों का पता नं. 1:- वार्ड नं. 1 आवाल कॉलोनी धन्नड़खुर्द पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775 दोनों का पता नं.2:- प्लाट नं. सी-103 श्रीनाथ टाउनशीप भाटखेड़ी, तहसील महूँ जिला इंदौर 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति प्लाट नं. सी-103 श्रीनाथ टाउनशीप भाटखेड़ी, तहसील महूँ जिला इंदौर 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)